**25/02**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

दिल्ली के मालवीय नगर क्षेत्र में तीन अरुणाचली महिलाओं के साथ कथित तौर पर अपमान करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ SC/ST अधिनियम की धाराएं भी लगाई गई हैं। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कानून के अनुसार उअनके ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई होगी और पूर्वोत्तर के लोगों के साथ दुर्व्यवहार किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में पूर्वोत्तर के लोगों के खिलाफ किसी भी प्रकार का भेदभाव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

0000000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के निगलोक इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर में स्थापित फेरो-सिलिकॉन प्लांट के विरोध में ङोरलुंग और रालुङ गांव की माताओं की भूख हड़ताल आज तीसरे दिन भी जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि मेसर्स एथर एलोयस LLP द्वारा संचालित फैक्ट्री से पर्यावरण और स्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो रहा है। इलाके में चाय, एरेका नुट्स और अन्य फलदार पौधे प्रदूषण के कारण सूख रहे हैं। इससे पहले गत सोलह फरवरी को, प्रदर्शनकारियों ने ङोरलुंग ब्रिज पॉइंट पर स्थित मिरेम-मिकोंग-जोनाई रोड को ब्लॉक करते हुए सिलिकॉन फैक्ट्री में सामान ले

जा रही वाहनों को रोका था। प्रदर्शनकारी माताओं में से दो की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें रुक्सिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, अब तक कोई प्रशासनिक अधिकारी या जनप्रतिनिधि प्रदर्शन स्थल पर नहीं पहुंचे है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की महिला एवं पुरुष फुटबॉल टीम ने पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई कर लिया है। गत बीस फरवरी को शुरू हुई फुटबॉल चैंपियनशिप में पूर्वोत्तर की सात टीमों ने हिस्सा लिया। चैंपियनशिप का आयोजन अरुणाचल प्रदेश द्वारा, पुरुषों के लिए यूपिया स्थित गोल्डन जुबली आउटडोर स्टेडियम और महिलाओं के लिए नाहरलगुन स्थित राजीव गांधी स्टेडियम, में किया गया। अब दोनों ही टीमें फाइनल राउंड में खेलेगे जिसका आयोजन झारखंड में किया जाएगा।

0000000000000000000000000

लोगों में उनके संवैधानिक अधिकारों और शिकायत निवारण की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से, लोंङदिङ जिले के पोंगचाऊ में अरुणाचल प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग द्वारा मानवाधिकार विषय पर दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन लोंङदिङ ज़िला प्रशासन के सहयोह से किया गया। आयोग ने कहा कि कोई भी व्यक्ति बिना जटिल कानूनी प्रक्रिया या कोर्ट फीस के अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

0000000000000000000000000

माई भरत के अंतर्गत सैतीस युवाओं का एक दल शैक्षिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण के तहत अरुणाचल प्रदेश विधानसभा का दौरा किया। विधानसभा अध्यक्ष तेसाम पोङते ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि भौगोलिक रूप से दूरस्थ और सांस्कृतिक विविधता के बावजूद राष्ट्रीय एकता देश को एक सूत्र में बांधती है। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को अरुणाचल के दूरस्थ गांवों का दौरा कर वहां की जनजातीय परंपराओं और जीवनशैली को नजदीक से समझने के लिए प्रेरित किया।

0000000000000000000000000

मिजोरम विधानसभा में मिजो मेरिएज एण्ड् इंहेरिटेस ऑफ़ प्रोपर्टी (एमेंडमेंट) बील, 2026 पारित किया गया। नए कानून के अनुसार, मिजो महिला यदि समुदाय से बाहर विवाह करती है तो उसकी मान्यता प्राप्त मिजो पहचान समाप्त हो जाएगी। और ऐसे विवाह से जन्मे बच्चों को भी जनजातीय पहचान का अधिकार नहीं मिलेगा।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के कुरुङ-कुमे, क्रा-दादी, लोअर सुबनसिरी, पापुम-पारे, अपर सियाङ, दिबाङ वैली, आंजाव, तिराप और लोङदिङ जिले के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000000

तीन दिवसीय नॉर्थ ईस्ट स्प्रिंग फेस्टिवल 2026, जिसे फेस्टिवल ऑफ़ नॉर्थ ईस्ट भी कहा जाता है, कल से नागालैंड के दीमापुर में NEZCC कॉम्प्लेक्स में शुरू हो रहा है। यह फेस्टिवल मध्य दक्षिणी फेस्टिवल 2026 के साथ मनाया जाता है, जिससे देश के नॉर्थ ईस्टर्न और साउथ-सेंट्रल इलाकों के बीच एक शानदार सांस्कृतिक मेल बढावा देना है।

0000000000000000000000000

बच्चों और किशोरों में आत्मविश्वास के साथ ही संचार कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लेट्स स्पीक अरुणाचल द्वारा राज्य के शिक्षा विभाग के सहयोग से, ईटानगर में दीपक नाबाम लिविंग होम और दोन्यी-पोलो मिशन स्कूल फॉर द हियरिंग एंड विजुअली इम्पेयर्ड में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

0000000000000000000000000

लोगों को उनके घरों तह सरकारी सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से, दिबांग वैली ज़िला प्रशासन ने आनेलिह में सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का सफ़ल आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर ही सेवाएं प्रादान करते हुए, कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरोक कर, शिकायत दूर की, और अलग-अलग सरकारी कार्यक्रमों के तहत दस्तावेज़ीकरण एवं और पंजीकृत भी किया गया।

0000000000000000000000

आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कल भारत का मुकाबला जिम्बाब्वे से शाम 7 बजे होगा।

0000000000000000000000